फोन : 0522-4323838
9839392275

# भारत स्काउट और गाइड, उ० प्र०

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ – 226006
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org
रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

मुख्य संरक्षक
**माननीय श्री राज्यपाल**
उ० प्र०

उप मुख्य संरक्षक
**माननीय मुख्यमंत्री**
उ० प्र०

अध्यक्ष
**डा०महेन्द्र सिंह**
पूर्व मन्त्री "जल शक्ति"
उ० प्र०

मुख्यायुक्त
**डा० प्रभात कुमार**
आई०ए०एस०(से०नि०)
पूर्व अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग, उ० प्र०

**पत्रांक संख्या –** संग०-59 / 04 /2023-24 **दिनांक** 01-04-2023

समस्त जिला मुख्यायुक्त
भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0

वर्ष 2023–24 में बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन हेतु संशोधित दिशा निर्देश आपको इस आशय से प्रेषित है कि आप अपने जनपद में संलग्न निर्देश के अनुसार प्रतियोगिता का आयोजन कराना सुनिश्चित करें। शेष निर्देश पूर्व की भांति यथावत ही रहेगें।

संलग्नक – उक्तवत्।

01/04/2023
(डा0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

प्रतिलिपि सूचनार्थ : –

1. प्रादेशिक मुख्यायुक्त भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 को उनके आदेश के अनुपालन में।
2. प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
3. समस्त सहायक प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
4. प्रादेशिक संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
5. समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक, उ0प्र0।
6. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।
8. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
9. समस्त जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
10. समस्त जिला संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) भारत स्काउट/गाइड, उ0प्र0।
11. समस्त जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
12. सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) आई0टी0 को इस आशय से कि उक्त पत्र को प्रदेश की वेबसाइट पर अपलोड करें।

01/04/2023
(डा0 प्रभात कुमार)
प्रादेशिक मुख्यायुक्त

## बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता वर्श 2023–24 के दिशा निर्देश

1– यह प्रतियोगिता जनपद स्तर पर संबंधित जिला संस्था द्वारा तथा प्रादेशिक स्तर में प्रादेशिक संस्था द्वारा आयोजित की जायेगी।

2– **प्रतियोगिता निम्नांकित 3 श्रेणियों में आयोजित की जायेगी :–**

अ– कब / बुलबुल

ब– स्काउट / गाइड

स– रोवर / रेंजर

3– प्रत्येक जनपद संस्था उपरोक्तानुसार तीनो श्रेणियों की प्रतियोगिता आयोजित करने के उपरांत प्रत्येक संवर्ग में प्रथम, 3 स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों का प्रतियोगिता के आधार पर चयन करेगी तथा प्रत्येक श्रेणी में संवर्गवार प्रथक प्रथक नामों की ये सूची प्रादेशिक मुख्यालय को प्रेषित की जायेगी।

4– **जनपद स्तर बी0एस0जठी0 ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन**– जनपद स्तर पर बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता उपरोक्तानुसार 3 श्रेणियों में आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों पर आधारित होगी । प्रश्न पत्रों का मुद्रण जिला संस्था द्वारा (अपने स्तर पर श्रेणी वार वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र बनाकर) जिले में पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार कराया जायेगा। इस संबंध में विगत वर्ष की आयोजित प्रतियोगिता जो प्रादेशिक संस्था द्वारा आयोजित की गई थी का प्रश्न पत्र प्रादेशिक मुख्यालय की बेवसाइट WWW.BSGUP.ORG पर उपलब्ध है। साथ साथ माडल प्रश्न पत्र भी उपरोक्त बेबसाइट पर उपलब्ध है। जिसकी सहायता लेकर जनपद स्तर पर वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र तैयार किये जा सकते है।

5– **बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन में निम्न को ध्यान में रखा जाय** :–

ए. **पंजीकरण** – उपरोक्त तीनों श्रेणियों का पंजीकरण जनपद में 1 अप्रैल 2023 से 15 सितम्बर, 23 तक जनपद संस्था द्वारा कराया जायेगा। इसके लिए पंजीकरण का प्रारूप संलग्न है।

बी. **पंजीकरण षुल्कः**– प्रत्येक प्रतिभागी से पंजीकरण के रूप में रू0 100.00 लिया जायेगा इसमें से रू0 60/– जनपद स्तर पर रोककर रू0 40/– प्रदेश स्तर पर कुल पंजीकृत प्रतिभागियों की सूची के साथ भेजा जायेगा। यह सूची जिला मुख्यायुक्त एंव जिला सचिव द्वारा हस्ताक्षरित होगी। सुनिश्चित किया जायेगा कि श्रेणीवार व वर्गवार पंजीकृत प्रतिभागियों की सूची प्रादेशिक अंश के साथ प्रत्येक दशा में 30 नवम्बर, 2023 तक प्रदेश को भेज दी जाय।

...2/–

सी. **परीक्षा का आयोजन**– जनपद स्तर पर परीक्षा का आयोजन 15 नवम्बर 2023 से पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में जिला मुख्यायुक्त द्वारा किया जायेगा। जिसकी तिथि स्थान व समय का निर्धारण प्रत्येक जनपद अपने सुविधानुसार करेगा। परीक्षा की तिथि से कम से कम 15 दिन पूर्व अर्ह प्रतिभागियों को प्रवेश पत्र वितरण सुनिश्चित किया जायेगा (प्रवेश पत्र का प्रारुप संलगन है)।

डी **आयु सीमा** – प्रत्येक श्रेणी में निम्नानुसार आयु सीमा होगी।

| | |
|---|---|
| ए. कब/बुलबुल | – 06 से 10 वर्ष तक |
| बी स्काउट/गाइड | – 11 से 18 वर्ष तक |
| सी रोवर/रेंजर | – 15 से 24 वर्ष तक |

ई **उत्तर पुस्तिकाओ का मूल्यांकन** – वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र में कुल 50 प्रश्न होंगे जिसमें गलत हुए उत्तर के लिए निगेटिव मार्किंग की जायेगी। प्रत्येक प्रश्न पत्र 150 अंक का होगा । गलत उत्तर पर 01 अंक कटेगा। प्रतियोगिता के लिए न्यूनतम क्वालिफाइंग अंको का प्रतिशत 40 होगा। अर्थात यदि किसी अभ्यर्थी के 40 प्रतिशत (60 अंक) से कम अंक है तो उसे प्रदेश स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा में अर्ह नहीं माना जायेगा।

एफ **सूची का प्रेषण** – प्रतियोगिता जनपद द्वारा 3 श्रेणियों में संवर्गवार पृथक–पृथक आयोजित की जायेगी। प्रथम तीन स्थान पाने वाले प्रतिभागियों की श्रेणी व संवर्गवार सूची 30 नवम्बर 2023 तक प्रादेशिक मुख्यालय को भेज दी जायेगी जिन जनपदो द्वारा 30 नवम्बर, 2023 तक सूची मुख्यालय में प्राप्त नहीं होगी उन जनपदों के अभ्यर्थियो को प्रदेश स्तर पर आयोजित परीक्षा में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।

जी **पात्रता** – इसके लिए वे सभी विद्यालयों के सभी बच्चे पात्र होंगे जिनमें स्काउट/गाइड यूनिट का गठन हुआ है ,भले ही वे छात्र दल के सदस्य न हों। श्रेणी का निर्धारण उपरोक्त आयुसीमा के अंतर्गत किया जाएगा।

एच. **परीक्षा का पाठ्यक्रम** – पूर्ववत् गत वर्ष की भॉति (संलग्न)

5. **प्रदेश मुख्यालय पर बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन** – यह प्रतियोगिता प्रादेशिक स्तर पर भारत स्काउट और गाइड उ0प्र0 द्वारा आयोजित की जायेगी तथा प्रादेषिक स्तर पर प्रतियोगिता माह 15 जनवरी, 2024 से पूर्व आयोजित की जायेगी।

ए वास्तविक तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी।

बी **परीक्षा स्थल**– बी0एस0जी0 ज्ञान प्रतियोगिता की प्रदेश स्तर की परीक्षा प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 प्रयागराज पर आयोजित होगी। परीक्षा के संबंध में अन्य निर्देश यथावत ही रहेंगें।

सी **पुरस्कार** – प्रादेशिक स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किया जायेगा :–

| क्रम सं0 | स्तर / विंग | प्रथम | द्वितीय | तृतीय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रोवर | रू0 10,000.00 | रू0 7,000.00 | रू0 5,000.00 |
| 2 | रेंजर | रू0 10,000.00 | रू0 7,000.00 | रू0 5,000.00 |
| 3 | स्काउट | रू0 10,000.00 | रू0 7,000.00 | रू0 5,000.00 |
| 4 | गाइड | रू0 10,000.00 | रू0 7,000.00 | रू0 5,000.00 |
| 5 | कब | रू0 5,000.00 | रू0 3,000.00 | रू0 2,000.00 |
| 6 | बुलबुल | रू0 5000.00 | रू0 3,000.00 | रू0 2,000.00 |

डी. **प्रतियोगिता का प्रचार प्रसार** – जनपद स्तर पर उपरोक्त प्रतियोगिता का प्रचार प्रसार करने का उत्तर दायित्व जनपद संस्था का होगा। जिला मुख्यायुक्तों से यह अपेक्षा है कि वे अपनी नेतृत्व में प्रतियोगिता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें, और अधिकतम बच्चों का पंजीकरण करायें।

इ. **ध्यान रखने योग्य तिथियॉ / माइल स्टोन –**

दलों का पंजीकरण की अंतिम तिथि– 1 अप्रैल 23 से 15 सितम्बर, 2023

पंजीकृत प्रतिभागियों का पंजीकरण शुल्क सूची सहित प्रदेश मुख्यालय भेजने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर, 2023

प्रथम तीन स्थान पाने वाले प्रतिभागियों की संवर्ग व श्रेणीवार सूची प्रदेश मुख्यालय को भेजने की अंतिम तिथि– 15 दिसम्बर, 2023

परीक्षा आयोजन की तिथि– 15 जनवरी, 2024 से पूर्व
( वास्तविक तिथि की सूचना पृथक से दी जायेगी)

राज्य स्तरीय परीक्षा स्थल– प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द, प्रयागराज

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

## बी०एस०जी० ज्ञान प्रतियोगिता – जनपद .............

अनुक्रमांक :

**प्रवेश पत्र**

श्रेणी :

परीक्षार्थी का नाम :

पिता का नाम :

विद्यालय का नाम :

जन्म तिथि :

परीक्षा केन्द्र का नाम / पता :

परीक्षा की तिथि : समय :

स्व प्रमाणित फोटो यहाँ चस्पा करें।

कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | परीक्षार्थी के हस्ताक्षर | जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)

**दिशा निर्देश**

1. परीक्षा केन्द्र पर समय से 30 मिनट पूर्व पहुँचे।
2. परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन आदि लेकर आना पूर्णतः वर्जित है।
3. परीक्षार्थी परीक्षा भवन में प्रवेश पत्र एवं पेन के अलावा कुछ भी नहीं ले जायेंगे।
4. परीक्षा केन्द्र पर अपना पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड / वोटर कार्ड / पासपोर्ट लाना अनिवार्य है। इनमे से यदि कोई पहचान पत्र नही है तो विद्यालय के प्रधानाचार्य से एवं स्वत्रंत दल के सदस्य ग्रुप लीडर से प्रमाणित कराकर पहचान पत्र साथ लाये।